आकाशवाणी
देहरादून (उत्तराखण्ड)

गुरुवार 26.02.2026 समय 1305

**मुख्य समाचार :–**

- प्रदेश में सरकारी कार्यालयों के लिए एसओपी जारी। स्क्रीनिंग से लेकर वार्षिक सुरक्षा ऑडिट के निर्देश।
- राज्य की तैंतीस हजार से अधिक बालिकाओं को लगभग 145 करोड़ रुपये की धनराशि डीबीटी के माध्यम से उनके खातों में भेजी गई।
- देहरादून में आगामी जनगणना को लेकर तैयारियां शुरू। जिला प्रशासन की ओर से अधिकारियों के लिए तीन दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन।
- आईसीसी टी–ट्वेंटी क्रिकेट विश्वकप में आज शाम सात बजे भारत का मुकाबला जिम्बाब्वे से।

**एसओपी / कार्यालय**

उत्तराखंड शासन ने राज्य के सरकारी कार्यालयों की सुरक्षा व्यवस्था को अधिक सुदृढ़, पारदर्शी और व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से मानक संचालन प्रक्रिया– एसओपी जारी कर दी है। मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन की ओर से जारी एसओपी के तहत कार्यालय परिसर में प्रवेश से पहले प्रत्येक आगंतुक की अनिवार्य स्क्रीनिंग की व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही आगंतुक प्रबंधन प्रणाली लागू कर आगंतुकों का पंजीकरण, पहचान सत्यापन और प्रवेश–निकास का डिजिटल रिकॉर्ड सुरक्षित रखने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं, कार्यालय परिसर में प्रतिबंधित वस्तुओं के प्रवेश पर पूर्ण रोक लगाई गई है और सभी के लिए पहचान पत्र साथ रखना अनिवार्य किया गया है। एसओपी में स्पष्ट किया गया है कि केवल अधिकृत व्यक्तियों को ही कार्यालय परिसर में प्रवेश की अनुमति होगी। इसके अतिरिक्त शिकायत निवारण की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के भी प्रावधान किए गए हैं, जिससे किसी भी प्रकार की समस्या या शिकायत का त्वरित और पारदर्शी समाधान किया जा सके। सुरक्षा व्यवस्थाओं की प्रभावशीलता बनाए रखने के लिए प्रतिवर्ष 'वार्षिक सुरक्षा ऑडिट' कराने का प्रावधान भी किया गया है। इसके माध्यम से सुरक्षा प्रणाली की समग्र समीक्षा कर आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाए जाएंगे।

नंदा गौरा / धनराशि

प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी नंदा गौरा योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025–26 में प्रदेश की तैंतीस हजार 251 बालिकाओं को लगभग 145 करोड़ रुपये की धनराशि डीबीटी के माध्यम से उनके खातों में भेजी गई। आज देहरादून में आयोजित कार्यक्रम में लाभार्थियों को यह धनराशि प्रदान की गई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि नंदा गौरा योजना केवल आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि बेटियों के सम्मान, सुरक्षा और स्वावलंबन का सशक्त अभियान है। इसके तहत राज्य सरकार की ओर से

बालिका के जन्म पर 11 हजार रुपए और बेटी के 12वीं पास करने पर उच्च शिक्षा के लिए 51 हजार रुपए की धनराशि प्रदान की जा रही है। महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य सरकार बेटियों के जन्म से लेकर उच्च शिक्षा तक हर कदम पर उनके साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 से संचालित यह योजना बालिका जन्म को प्रोत्साहित करने, संस्थागत प्रसव बढ़ाने, बाल विवाह पर रोक लगाने और बेटियों की उच्च शिक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में प्रभावी साबित हुई है।

**गंगा एक्सप्रेसवे**

उत्तर प्रदेश एक्सप्रेस–वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के अधिकारियों ने सचिवालय में मुख्य सचिव आनंद बर्धन के समक्ष गंगा एक्सप्रेसवे के मेरठ से हरिद्वार तक विस्तारीकरण संबंधी प्रस्तुतीकरण दिया। बैठक में एक्सप्रेसवे के दो तुलनात्मक एलाइनमेंट विकल्प साझा किए गए। इनमें मेरठ, मुजफ्फरनगर और हरिद्वार जिलों से होकर गुजरने वाले और हापुड़, मेरठ, मुजफ्फरनगर और हरिद्वार जिलों को कवर करने वाले एलाइनमेंट पर विस्तार से चर्चा की गई। मुख्य सचिव ने प्राधिकरण को निर्देश दिए कि राज्य सरकार की ओर से की जाने वाली अग्रिम औपचारिकताओं, भूमि उपलब्धता, यूटिलिटी शिफ्टिंग, पर्यावरणीय स्वीकृतियां तथा उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड के बीच समन्वय से संबंधित प्रारंभिक कार्यवाही का विस्तृत प्रारूप तैयार किया जाए।

**जनगणना तैयारी**

राजधानी देहरादून में आगामी जनगणना को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। इसी कड़ी में जिला प्रशासन की ओर से अधिकारियों के लिए तीन दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसमें जनगणना से जुड़े अधिकारियों को जनगणना की नई डिजिटल प्रणाली, मोबाइल एप्लिकेशन के उपयोग और जनगणना प्रबंधन की प्रक्रियाओं की विस्तार से जानकारी दी जा रही है। विशेषज्ञों द्वारा व्यावहारिक व तकनीकी प्रशिक्षण के माध्यम से डिजिटल डेटा संकलन, सूचना प्रविष्टि, डेटा की गोपनीयता व सुरक्षा मानकों, पारदर्शिता और समयबद्ध क्रियान्वयन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। अपर जिलाधिकारी के.के मिश्रा ने बताया कि जिले की प्रत्येक तहसील एवं नगर को एक विशिष्ट जनगणना चार्ज के रूप में चिन्हित कर प्रत्येक चार्ज में एक चार्ज अधिकारी नामित किया गया है, जो जनगणना कार्य के सफल क्रियान्वयन में प्रमुख भूमिका निभाएगा

## टी–20 वि”वकप

और अब बात आईसीसी टी–ट्वेंटी क्रिकेट विश्वकप की......श्रीलंका की टीम आईसीसी टी–ट्वेंटी क्रिकेट विश्वकप से बाहर हो गई है। कोलंबो में सुपर–8 के मैच में न्यूज़ीलैंड ने श्रीलंका को इकसठ रन से हराया। न्यूजीलैंड के एक सौ उनहत्तर रन के लक्ष्य के जवाब में श्रीलंका की टीम एक सौ सात रन पर ही सिमट गई। कप्तान मिचेल सैंटनर ने सर्वाधिक सैंतालिस रन बनाए और एक विकेट भी लिया। वहीं, अहमदाबाद में आज दोपहर तीन बजे वेस्टइंडीज का मैच दक्षिण अफ्रीका से और चेन्नई में शाम सात बजे भारत का सामना जिम्बाब्वे से होगा।

## टिहरी झील महोत्सव

टिहरी जिला प्रशासन और उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद की ओर से आगामी 6 से 9 मार्च तक टिहरी झील महोत्सव आयोजित किया जाएगा। चार दिनों तक चलने वाले महोत्सव के दौरान टिहरी जिले के प्रमुख केंद्रों पर विभिन्न तरह की गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। जिलाधिकारी नीतिका खंडेलवाल ने कहा कि महोत्सव का उद्देश्य टिहरी जिले को प्रमुख टूरिस्ट डेस्टिनेशन बनाते हुए, स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन करना है। उन्होंने बताया कि इस दौरान ट्रैकिंग, माउंटेन बाइकिंग, रॉक क्लाइंबिंग और राफ्टिंग जैसी साहसिक गतिविधियों के साथ ही स्थानीय स्तर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम, मास्टर शेफ प्रतियोगिता, लोक संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए फैशन शो और फोटोग्राफी जैसी प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएंगी।